# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-08.07.2024**

**विषयः- CTET-2024 परीक्षा में फर्जी तरीके से दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आयी अभियुक्ता थाना मंडुवाडीह पुलिस टीम गिरफ्तार।**

कमिश्नरेट वाराणसी में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर चल रही सी0बी0एस0ई0 द्वारा आयोजित CTET-2024 परीक्षा के दौरान वरुणा ज़ोन के थाना मंडुवाडीह अन्तर्गत स्थित परीक्षा केंद्र ग्लेनहिल स्कूल मंडुवाडीह वाराणसी में द्वितीय पाली में परीक्षा देने आयी एक परीक्षार्थी संध्या चौहान पत्नी राजकुमार चौहान निवासी रतनपुरा थाना हलधरपुर जिला मऊ के बायोमेट्रिक मिलान न होने से शक पर पर्यवेक्षक द्वारा छानबीन की गयी तो ज्ञात हुआ कि परीक्षार्थी कु0 सुमन यादव पत्नी प्रशुराम यादव निवासी जिवकर बेलपुर जिला गोरखपुर के स्थान पर फर्जी परीक्षार्थी/अभियुक्ता संध्या चौहान उपरोक्त परीक्षा दे रही है। उक्त के सम्बन्ध में दिलीप कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 शिवनाथ प्रसाद निवासी कपिलधारा थाना सारनाथ जनपद वाराणसी प्रधानाचार्य ग्लेनहिल स्कूल मंडुवाडीह वाराणसी की तहरीर के आधार पर थाना मंडुवाडीह में मु0अ0सं0 128/24 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बी.एन.एस. व 6/10 सार्वजनिक परीक्षा अधिनिय 1998 पंजीकृत कर, दिनांक-07.07.2024 को समय 19.55 अभियुक्ता को गिरफ्तार कर, अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**पूछताछ का विवरण** – अभियुक्ता ने पूछने पर बताया कि दिनांक 07/07/24 को ग्लेनहिल स्कूल मंडुवाडीह में द्वितीय पाली में CTET-2024 का परीक्षा में मैं सुमन कुमारी की जगह परीक्षा दे रही थी, मेरा बायोमेट्रिक मैच नहीं होने के कारण मैं पकड़ी गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-**

संध्या चौहान पत्नी राजकुमार चौहान निवासी रतनपुरा थाना हलधरपुर जिला मऊ उम्र करीब 30 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0उ0नि खुशबू कुमारी थाना मंडुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2. म0का0 ममता थाना मंडुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**

महिला हेल्प डेस्क
7839872996